दैनिक जागरण 11/01/2025

'हिंदी भाषा हमारे भावों की अभिव्यक्ति'

आर्य गर्ल्स, जीएमएन सहित डीएवी कालेज में हुआ हिंदी दिवस पर कार्यक्रम

हिंदी पर आनलाइन व्याख्यान हुआ

डा. रोहित दत्त

अंबाला : गांधी मेमोरियल कालेज अंबाला में हिंदी विभाग द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के हिंदी विभाग के तत्वावधान में हिंदी दिवस पर आनलाइन व्याख्यान आयोजित किया। मुख्य वक्ता प्रो. विवेक मणि त्रिपाठी ने कहा कि चीन के विश्वविद्यालय में हिंदी प्रयोग की जानकारी दी। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि हिंदी का महत्व वैज्ञानिक समुदाय के लिए भी बहुत अधिक है। खासकर पुराने साहित्य को समझने के लिए। हिंदी में लिखी गई पुरानी पुस्तकें और ग्रंथ हमें स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, जीवनशैली और अन्य विषयों पर बहुत कुछ सिखा सकती हैं। आयुर्वेद, योग और अन्य पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के बारे में जानकारी हिंदी में लिखी गई पुस्तकों में मिलती है।